# डेली संवाद

संपादक - अशोक सिंह भारत | जालंधर, 12 मई, 2020 | dailysamvad.com | Email: dailysamvad@gmail.com







# पंजाब में कोरोना से 33वीं मौत

## लुधियाना में आरपीएफ के 14 जवान मिले संक्रमित

**डेली संवाद, अमृतसर**

पंजाब में कोरोना का कहर बढ़ता ही जा रही है। आज इस जानलेवा वायरस के कारण अमृतसर में एक कोरोना मरीज की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, कोरोना पीड़ित जिले के गुरु नानक देव अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती था। मरीज की पहचान 34 वर्षीय मिठ्ठान स्वामी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उसकी हालत काफी गंभीर थी और वह पिछले 48 घंटों से वेंटिलेटर पर था। डॉक्टरों के अनुसार, मरीज न केवल एचआईवी पॉजिटिव था, बल्कि टीबी से भी पीड़ित था। अब जिले में मृतक मरीजों की संख्या 4 और पंजाब में मरने वालों की संख्या 33 हो गई है।

वहीं, लुधियाना में आरपीएफ के 14 जवान कोरोना पॉजिटिव पाए गए है जिससे रेलवे की चिंता बढ़ गई है। यह जवान मजदूरों की घर वापसी में लगी ट्रेनों में ड्यूटी दे रहे थे। ट्रेन से सफर में इनके संक्रमित होने की आशंका है। ऐसे में अब बड़ी गिनती में कोरोना वायरस के फैलने का डर भी जताया जा रहा है। यह सारे जवान दिल्ली से संबंधित है। कई राज्यो में फंसे मजदूरों को घर पहुंचाने के लिए केंद्र द्वारा ट्रेनें शुरु कर दी गई हैं, जिनमें यह जवान ड्यूटी पर थे।

डिप्टी कमिश्नर प्रदीप कुमार अग्रवाल ने कहा, 111 सैंपल राजेंद्र अस्पताल भेजे गए, जिनमें से 17 मरीजों का टेस्ट पॉजिटिव आया है। अभी तक की जानकारी के मुताबिक 14 आरपीएफ के जवान, दो मजनू का टीला दिल्ली के रहने वाले और एक 91 वर्षीय जालंधर के बुजुर्ग का टेस्ट पॉजिटिव आया है।

जानकारी के मुताबिक अभी तक रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के 40 जवानों को श्रमिक स्पेशल ट्रेन की ड्यूटी के लिए 7 मई को लुधियाना लाया गया था। जिसमें से दो जवान 9 मई को कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। इसके बाद 38 जवानों का सैंपल लिया गया और सभी को रेलवे के हॉस्पिटल में क्वारंटाइन में भेज दिया गया। जांच रिपोर्ट में पता चला है कि इनमें से 14 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

## जालंधर में कोरोना के 9 मरीज मिले, 5 महीने का बच्चा भी पॉजिटिव


**डेली संवाद, जालंधर** : महानगर जालंधर में कोरोना का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा। आज भी कोरोना वायरस के 9 और मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। आज के 9 मरीजों को मिलाकर जिले में मरीजों की संख्या 197 हो गई है। आज आए पॉजिटिव मरीजों में एक पांच माह का बच्चा भी शामिल है। आज के 9 मरीजों में 8 मरीज न्यू गोबिंद नगर के रहने वाले हैं। इसके अलावा एक महिला मरीज रस्ता मोहल्ला की रहने वाली हैं। उधर, लुधियाना के दयानंद मेडिकल कालेज अस्पताल के कोविड 19 वार्ड में ड्यूटी पर तैनात वार्ड बाय के कोरोना पाजिटिव आने की पुष्टि हुई है। अस्पताल के अनुसार उसे इसी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। इसकी रिपोर्ट पाजिटिव आने पर अस्पताल के करीब सौ लोगों को क्वारंटीन किया गया है। इसी बीच खबर आई है कि अमृतसर के गुरू नानक देव अस्पताल में मंगलवार को एक कोरोना संक्रमित युवक की मौत हो जाने से जिले में वायरस से मरने वालों की संख्या बढ़ कर चार हो गई है। अमृतसर के गुरू नानक देव अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में 32 साल के नौजवान ने दम तोड़ दिया।



### देश में 2,310 मौतें

## आज 16 लोगों की जान गई; दिल्ली में सबसे ज्यादा 13 ने दम तोड़ा

**नई दिल्ली** : कोरोना संक्रमण की वजह से देश में मरने वालों की संख्या 2,310 हो गई है। मंगलवार को संक्रमण से 16 लोगों की जान गई। इनमें दिल्ली में 13, राजस्थान में 2 और आंध्र प्रदेश में एक संक्रमित ने दम तो ा। देश में सोमवार को 81 लोगों की मौत हुई थी। अब तक एक दिन की सबसे ज्यादा 126 मौतें 5 मई को हुई थीं। इसके अलावा 10 मई को 112 लोगों की मौत हुई थी और 9 मई को 109 लोगों ने जान गंवाई थी।



## टमाटर में भी वायरस-बर्बाद हो रही फसल, एक साल के लिए बंद करना पड़ सकता है उत्पादन



**डेली संवाद, मुंबई**

कोरोना महामारी से जूझ रहे महाराष्ट्र के किसानों के लिए एक और मुसीबत खड़ी हो गई है। राज्य के किसान कोविड-19 के साथ-साथ अब टमाटर की फसल में वायरस घुसने से परेशान हैं। इसके चलते तैयार खड़ी हजारों एकड़ टमाटर की फसल बर्बाद हो रही है। कहा जा रहा है कि इस पर काबू ना पाया जा सका तो एक साल के लिए टमाटर का उत्पादन बंद करना पड़ सकता है।

किसान इसे तिरंगा वायरस कह रहे हैं। इससे टमाटर की खेती में पैदा होने वाले टमाटर के रंग और आकार में अंतर आ रहा है। इस वायरस की वजह से टमाटर में खड्डे हो रहे हैं और अंदर से काला होकर सड़ने लगता है। टमाटर पर पीले चिट्टे होने की वजह से अब उसकी खेती पर संकट मंडराने लगा है।

टमाटर उत्पादक किसान रमेश वाकले के मुताबिक हमारे उत्पादित टमाटर खेत में पीले हो रहे है. बाजार में इनके खरीदार नहीं मिल रहे. एक तो पहले कोरोना की मार और अब फसल खराब हो रही है। हमारा जीना मुश्किल हो गया है। किसान रंगनाथ भालके ने कहा, हमारी फसल खराब हो रही है. टमाटर में तीन रंग हमें दिख रहे हैं. न जाने कौन सा वायरस हमारे टमाटर के फसल में आया।

### एक नजर

## प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन पर टिकी देशवासियों की नजरें



**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार आज रात 8 बजे देशवासियों से एक बार फिर मुखातिब होंगे। मोदी के संबोधन पर देशवासियों की नजरें टिकी हैं। इस संबोधन को लेकर कयासों का बाजार गर्म है। कुछ कयास लॉकडाऊन बढ़ाने को लेकर हैं और कुछ कयास रियायतों को लेकर। इसी बीच कयास है कि प्रधानमंत्री मोदी मजदूरों को लेकर बड़ी घोषणा कर सकते हैं। ये घोषणा उनके रोजगार और उनके घर जाने से संबंधित हो सकती है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री इन मजदूरों के लिए कोई ऐलान करेंगे, इसकी संभावना है।

## एयर इंडिया ऑफिस का चपरासी निकला कोरोना पॉजिटिव, दफ्तर सील



**नई दिल्ली** : लॉकडाउन के बावजूद देश में कोरोना के नए मामले लगातार सामने आ रहे हैं। अब एयर इंडिया ऑफिस का एक चपरासी कोरोना पॉजिटिव पाया गया है जिसके बाद पूरे ऑफिस को सील कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक शख्स एयर इंडिया आफिस में कमर्शियल डिपार्टमेंट के त्ररूके आफिस में काम करता था।

## प्रवासी मजदूरों को ले जा रही बस पलटी, कई मजदूर घायल



**खन्ना** : प्रवासी मजदूरों को जम्मू से उत्तर प्रदेश व देश के अन्य हिस्सों को ले जा रही बस मंगलवार सुबह खन्ना के पास पलट गई, जिससे कई मजदूरों को चोटें आईं। पीडित प्रवासी मजदूरों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार बस गत रात्रि साढ़े दस बजे जम्मू से रवाना हुई, जिसमें 47 लोग सवार थे। सुबह साढे चार बजे के करीब अचानक बस खन्ना के पास पलट गई।

## युवराज हंस बने पापा, पत्नी मानसी ने दिया बेटे को जन्म



**चंडीगढ़** : पंजाबी गायक एवं भाजपा सांसद हंसराज हंस के बेटे युवराज हंस एवं बहू मानसी के घर आज बेटे ने जन्म लिया। आज दोपहर युवराज हंस ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि वह एक बेटे के पापा बन गए हैं। युवराज हंस ने इंस्टा स्टोरी पर ये गुड न्यूज शेयर की है। इसी बीच सोशल मीडिया पर बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया है।

## 17 मई के बाद क्या लॉकडाउन खुले क्या नहीं, सीएम केजरीवाल ने जनता से मांगे सुझाव

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों से 17 मई के बाद लॉकडाउन के स्वरूप पर सुझाव मांगा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने डिजिटल प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि प्रधानमंत्री जी ने 17 मई के बाद लॉकडाउन में ढिलाई देने को लेकर मुख्यमंत्रियों से 15 मई तक सुझाव मांगा है। दिल्ली के लोग किन-किन क्षेत्रों में कितनी ढिलाई चाहते हैं? इस पर वे 13 मई की शाम 5 बजे तक अपने सुझाव दे सकते हैं। दिल्ली के लोग फोन नंबर 1031 पर अपने सुझाव रिकॉर्ड करा सकते हैं। वाट्सऐप 8800007722 पर सुझाव भेज सकते हैं या delhicm.suggestions@gmail.com पर सुझाव ईमेल कर सकते हैं। वहीं, मुख्यमंत्री



अरविंद केजरीवाल ने कोरोना के चलते टीचर बैकाली सरकार के देहांत पर गहरा दुख व्यक्त किया है और उनके परिवार को 1 करो रुपये की सम्मान राशि देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि तीसरा लॉकडाउन 17 मई तक है। 17 मई के बाद क्या करना चाहिए? प्रधानमंत्री जी ने चर्चा के बाद कहा कि कौन सा राज्य क्या चाहता है। आप लॉकडाउन में कितनी ढीलाई चाहते हैं और क्या-क्या चीजें चालू करना चाहते हैं?

### गुजरात के शिक्षा मंत्री को बड़ा झटका

## हाईकोर्ट ने धोलका विधानसभा सीट से उनकी जीत को किया रद्द

**डेली संवाद, अहमदाबाद**

गुजरात के कद्दावर भाजपा विधायक और शिक्षा मंत्री भूपेन्द्र सिंह चूड़ासमा के लिए मुश्किल खड़ी हो गई है। गुजरात हाई कोर्ट ने आज चूड़ास्मा को बड़ा झटका देते हुए अहमदाबाद जिले की धोलका सीट पर पिछले चुनाव में मिली उनकी जीत को रद्द कर दिया। दिग्गज भाजपा नेता चूड़ासमा ने 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के अश्विन राठौड़ को मात्र 327 मतों के अंतर से मात देकर जीत दर्ज की थी।

निवार्चन अधिकारी धवल जानी ने इससे पहले 429 पोस्टल बैलेट को खारिज कर इन्हें मतगणना में शामिल



नहीं किया था। अश्विन राठौड़ ने इसके बाद अदालत का दरवाजा खटखटाया था। उनका कहना था कि अगर पोस्टल बैलट की भी गिनती हुई होती तो परिणाम उनके पक्ष में जा सकता था।

न्यायमूर्ति परेश उपाध्याय की अदालत ने फरवरी में ही इस मामले की सुनवाई पूरी कर ली थी। उन्होंने आज यानी मंगलवार को अपना फैसला सुनाते हुए चूड़ासमा के निर्वाचन को खारिज कर दिया। हालांकि, वह इस मामले में ऊपरी अदालत में अपील कर सकते हैं। गौरतलब है कि इस चर्चित मामले की सुनवाई के दौरान मतगणना के सीसीटीवी फुटेज में चूड़ासमा के निजी सचिव को मतगणना केंद्र के अंदर मोबाइल फोन पर बात करते हुए देखा गया था। निवार्चन अधिकारी जानी को भी उनके बर्ताव के लिए अदालत ने फटकार लगाई थी। इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में पहले ही चुनौती देने का प्रयास करने वाले चूड़ासमा को सितंबर में अदालत के समक्ष पेश होना पड़ा था और उन्होंने सुप्रीम कोर्ट जाने के अपने निर्णय के लिए अदालत में खेद भी जताया था।

## जनाजे में शामिल आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ाया 40 की मौत



**काबुल** : अफगानिस्तान के नांगरहार प्रांत में पुलिस प्रमुख को सुपुर्द ए खाक किए जाने के दौरान हुए बम विस्फोट में कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई। प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता अताउल्लाह खोग्यानी ने मंगलवार को घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार विस्फोट में कम से कम 40 लोग हताहत हुए। उन्होंने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोट कर खुद को उड़ा लिया। इससे पहले प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया था कि खेवा जिले की पुलिस इकाई के कमांडर हाजी शेख इकराम के अंतिम संस्कार के दौरान भीषण बम विस्फोट होने से सात लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। इकराम का दिल का दौरा पडने़ से कल रात निधन हो गया।

## उत्तर प्रदेश का 'आयुष कवच' ऐप दूसरों राज्यों में भी लोकप्रिय

**डेली संवाद, लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के आयुष विभाग के आयुष कवच ऐप की लोकप्रियता उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि आसपास के दूसरे राज्यों में भी काफी बढ़ी है। निरोगी रहने के लिए यूपी, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश और हरियाणा के लोग भी इसे जमकर डाउनलोड कर रहे हैं। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस ऐप को लांच किया था। इस ऐप में देशी नुस्खों से प्ररिरोधक क्षमता बढ़ाने, योगासन, आयुष विभाग के विषेषज्ञ चिकित्सक के पैनल से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर मशवरे पाने की सुविधा दी गई है।

इस ऐप का आइडिया देने वाले राज्य आयुष मिशन के निदेशक एवं विशेष सचिव आयुष राजकमल यादव ने बताया कि 5 दिनों में अब तक 25 लाख से ज्यादा लोग इसे डाउनलोड कर चुके हैं। गूगल प्ले के ट्रेंड्स में यह देश का तीसरा नंबर का ऐप बना हुआ है। इसे लोग काफी पसंद भी कर रहे हैं। आयुष कवच शब्द भी गूगल पर काफी सर्च किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा में भी 50 हजार से ज्यादा लोग अब तक इस ऐप को डाउनलोड कर चुके हैं। ऐप की सबसे खास बात जो इसे औरों से अलग करती है वह है इसके घरेलू नुस्खों की सीरीज। इस सीरीज में यूपी के अलग-अलग हिस्सों पूर्वांचल, बुंदेलखंड, पश्चिमांचल व मध्य यूपी के लिहाज से घर में ही मौजूद मसालों और प्राकृतिक तत्वों से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के नुस्खे दिए गए हैं। इसके साथ ही आप अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर सवाल भी पूछ सकते हैं। जिसका जवाब आयुष विभाग के एक्सपर्ट चिकित्सकों का पैनल देता है। अब तक 1000 के करीब सवालों के जवाब इस ऐप के माध्यम से दिए जा चुके हैं। लाइव योग सेशन भी काफी महत्वपूर्ण है जहां प्रतिदिन सुबह 8 बजे योगासन सिखाये जाते हैं। वहीं वीडियो गैलरी में भी बहुत से योगासन करने के तरीके बताए गए हैं।



### अपडेट में जुड़ेंगे यूनानी व होम्योपैथी नुस्खे

राजकमल यादव ने बताया कि हम ऐप को जरूरतों के हिसाब से अपडेट भी कर रहे हैं। जल्द ही इसका आईओएस वर्जन भी आएगा। साथ ही ऐप में यूनानी व होम्योपैथी सुझाव, उपचार व नुस्खों के बारे में भी अपडेट जोड़ा जाएगा।






## सब-इंस्पेक्टर का 'सिंघम' स्टाइल में बनाया वीडियो वायरल, विभाग से जुर्माने के साथ मिली ये चेतावनी

**डेली संवाद, दमोह**

मध्य प्रदेश के दमोह जिले में पुलिस उपनिरीक्षक मनोज यादव को दो चलती कारों की छत पर खड़ा होकर सिंघम स्टाइल में स्टंट करना भारी पड़ गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद दमोह के पुलिस अधीक्षक हेमंत चौहान को इसकी शिकायत मिली। उन्होंने जांच के बाद यादव पर 5,000 रुपये का अर्थदंड लगा दिया और उन्हें चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी गलतियां दोबारा न करें, क्योंकि यह उनके पद की गरिमा के विपरीत है।यादव दमोह जिले के नरसिंहगढ़ पुलिस चौकी के प्रभारी हैं और वायरल वीडियो में दिख रहा है कि वह दो चलती कारों पर खड़े होकर सिंघम फिल्म के टाइटल ट्रैक का स्टंट करते नजर आ रहे हैं। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने यह वीडियो लॉकडाउन के दौरान रविवार को बनाया।



उन्होंने कहा कि दमोह पुलिस अधीक्षक हेमंत चौहान ने जांच के बाद उनपर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया है और चेतावनी दी है कि भविष्य में ऐसी गलतियां दोबारा न करें।





